<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>
<u>17.09.2026</u>

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), देहरादून उप-आंचलिक कार्यालय ने उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UKSSSC) ग्राम पंचायत विकास अधिकारी परीक्षा, 2016 में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताओं के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत 10.09.2026 को देहरादून में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह मामला थाना सतर्कता देहरादून में दर्ज प्राथमिकी और इस मामले में दर्ज तीन अन्य प्रथमीकियों से संबंधित है।

उ.अ.से.च.आ. के तत्कालीन अध्यक्ष, तत्कालीन सचिव, तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक, ओएमआर प्रोसेसिंग के लिए अनुबंधित निजी कंप्यूटर एजेंसी के मालिक और इस साजिश से जुड़े बिचौलियों के आवासीय परिसरों के अलावा, श्री चंदन सिंह जीना ,जो कि वर्तमान में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री हरीश सिंह रावत के व्यक्तिगत सहायक के रूप में कार्यरत हैं और इससे पहले वे 2009 से 2017 तक मुख्यमंत्री के रूप में श्री रावत के कार्यकाल के दौरान उनके विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के रूप में कार्य कर चुके हैं, के आवास पर भी तलाशी ली गई।

जांच में सामने आया है कि ओएमआर उत्तर पुस्तिकाओं को उ.अ.से.च.आ. की सुरक्षित अभिरक्षा से निकालकर तत्कालीन उ.अ.से.च.आ. सचिव के निजी आवास पर ले जाया गया। वहां कम भरे हुए OMR फॉर्मों के रोल नंबर नोट किए गए और उन्हें निजी कंप्यूटर एजेंसी के कर्मचारियों को सौंप दिया गया ,जिन्होंने बिचौलियों के माध्यम से पहुंचाई गई अवैध धनराशि के बदले इन ओएमआर(OMR) उत्तर पुस्तिकाओं में उत्तर के गोले धोखाधड़ीपूर्वक भरने और उनमें बदलाव करने के बाद उन्हें पुनः सील कर दिया।

श्री चंदन सिंह जीना के आवासीय परिसर की तलाशी के दौरान 32,00,000 रुपये (बत्तीस लाख रुपये) की बेहिसाबी भारतीय मुद्रा, लगभग 200.5 ग्राम वजन के सोने के सिक्के और चेन (13 सोने के सिक्के और 7 सोने की चेन) तथा 12 लग्जरी कलाई घड़ियां बरामद की गईं। इन घड़ियों में रोलेक्स, रैडो , पियाजे, मोवाडो, टिसॉट और कैसियो एडिफिस सहित विभिन्न ब्रांड शामिल हैं।तलाशी के दौरान पीएमएलए, 2002 की धारा 17(1A) के तहत श्री चंदन सिंह जीना और उनके परिवार के सदस्यों के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। इन खातों में कुल मिलाकर 52,16,312 रुपये की जमा शेष राशि थी। उनके मोबाइल फोन को भी फोरेंसिक जांच के लिए जब्त किया गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि श्री जीना द्वारा बड़ी मात्रा में नकद खर्च किए गए हैं, जिनके स्रोत के संबंध में कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया है। बरामदगी तथा किए गए नकद खर्च उनके ज्ञात आय के स्रोतों से समर्थित नहीं पाए गए हैं।

श्री चंदन सिंह जीना के आवास से जब्त और फ्रीज की गई संपत्तियों का वर्तमान कुल मूल्य लगभग 1.28 करोड़ रुपये है। शेष 12 लग्जरी घड़ियों का मूल्य अलग से निर्धारित किया जा रहा है, जिसके बाद यह राशि और बढ़ने की संभावना है।

इन तलाशी अभियानों के दौरान तलाशी लिए गए व्यक्तियों के मोबाइल फोन भी फोरेंसिक जांच के लिए जब्त किए गए। इसके अलावा, कई पूर्व उ.अ.से.च.आ. अधिकारियों और संबंधित व्यक्तियों के पास से बेहिसाबी नकदी भी बरामद की गई, जिसकी राशि छोटी-छोटी राशियों से लेकर लाखों रुपये तक थी। कुछ मामलों में सोने के आभूषण भी बरामद किए गए।
आगे की जांच जारी है।



Gold coins and chains recovered from the premises

परिसर से सोने के सिक्के और चेन बरामद।



Gold chronograph watch (Rolex Daytona-style); authenticity under verification

सोने की क्रोनोग्राफ घड़ी (रोलेक्स डेटोना जैसी शैली); प्रामाणिकता की जांच की जा रही है।